सं0 5/8/2017-रा0भा0(सेवा)
भारत सरकार/गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी–II (नई दिल्ली सिटी सेंटर) भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

दिनांक 30 जुलाई, 2018

कार्यालय आदेश

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के श्री मनोज कुमार आबूसरिया जो विदेश मंत्रालय में उप निदेशक (राजभाषा) के पद पर कार्यरत हैं, को संयुक्त निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियमित आधार पर पदोन्नति दी जाती है । श्री मनोज कुमार आबूसरिया को श्री अब्दुल अजीज असांरी, संयुक्त निदेशक (राजभाषा), नागर विमान महानिदेशालय (जो दिनांक 31.07.2018 (अपराह्न) को सेवानिवृत्त हो रहे हैं) के स्थान पर वर्ष 2018 की रिक्तियों के तहत लेबल-12, वेतनमान रु. 78,800-2,09,200/- में पदोन्नति देते हुए दिनांक 01.08.2018 से नीति आयोग, नई दिल्ली में तैनाती दी जाती है। श्री आबूसरिया की संयुक्त निदेशक (राजभाषा) के पद पर नियमित पदोन्नति उनके तैनात किए गए विभाग में उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से ही प्रभावी होगी । इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

राजू लाल 30/7/2018
(राजू लाल मीणा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 23438137

सेवा में,

1. प्रशासनिक अधिकारी (पी.एफ.पी.आर), विदेश मंत्रालय, कमरां सं0 4085,, ब्लॉक-बी: जवाहर लाल नेहरु भवन, नई दिल्ली से अनुरोध है कि श्री मनोज कुमार आबूसरिया, उप निदेशक (राजभाषा) को कार्यमुक्त करते हुए उन्हें उनके तैनाती के कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के लिए निदेश दें। यह भी अनुरोध है कि उनके सेवापंजी/एलपीसी इत्यादि दस्तावेज नीति आयोग, नई दिल्ली में सीधे ही भिजवा दें ।

2. आहरण एवं संवितरण अधिकारी, विदेश मंत्रालय,कमरां सं0 4085,, ब्लॉक-बी: जवाहर लाल नेहरु भवन, नई दिल्ली

3. श्री मनोज कुमार आबूसरिया, उप निदेशक (राजभाषा) विदेश मंत्रालय, ब्लॉक-बी, जवाहर लाल नेहरु भवन, नई दिल्ली ।

4. अवर सचिव (प्रशासन-II), नीति आयोग, नीति भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली। श्री मनोज कुमार आबूसरिया द्वारा आयोग में किए गए कार्यभार ग्रहण करने के आदेश की प्रति इस विभाग को भी पृष्ठांकित करें ।

5. आहरण एवं संवितरण अधिकारी, नीति आयोग, नीति भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली ।

6. श्री केवल कृष्ण, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. कृपया इसे राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करे ।